# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Tuesday, 18 August 2026**


# महाराष्ट्र ATS की बड़ी कार्रवाई : ISIS लिंक वाले साकिब नाचन के ठिकानों पर छापा, कई दस्तावेज जब्त।


Publisher

Published on 02 Jun 2025





## ISIS लिंक वाले साकिब नाचन पर फिर बड़ी कार्रवाई।

**महाराष्ट्र ATS न्यूज़ : महाराष्ट्र ATS** ने एक बार फिर **आतंकवाद से जुड़े मामलों** में बड़ी सफलता हासिल की है। एजेंसी ने **ठाणे जिले के पडघा इलाके** में छापा मारकर **ISIS से कथित तौर पर जुड़े साकिब नाचन** के ठिकानों पर छानबीन की। इस दौरान ATS को कई अहम दस्तावेज और डिजिटल उपकरण मिले हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

**साकिब नाचन** पहले भी **दो आतंकी मामलों मे दोषी** पाया जा चुका है। वह भारत में प्रतिबंधित संगठन **सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया)** का पदाधिकारी रह चुका है।

**मुलुंड बम धमाकों से जुड़ा रहा है नाचन**

साल 2002-2003 में **मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन, विले पार्ले और मुलुंड बम** धमाकों में साकिब की भूमिका सामने आई थी। इन हमलों में कई निर्दोष लोगों की जान गई थी। 2017 में सजा पूरी करने के बाद से **साकिब दोबारा कट्टरपंथी गतिविधियों** में शामिल हो गया था, जिसके बाद ATS उस पर नज़र बनाए हुए थी।

**गुप्त सूचना लीक करने वाले इंजीनियर की भी गिरफ्तारी**

इससे पहले **तीन दिन पहले, ATS ने रविंद्र वर्मा नामक 27 वर्षीय युवक** को **गुप्त सूचना पाकिस्तान को भेजने के आरोप** में गिरफ्तार किया था। रविंद्र एक निजी सुरक्षा कंपनी में कार्यरत था और **पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी PIO** के संपर्क में था।

ATS की जांच में सामने आया कि रविंद्र ने **फेसबुक पर महिला बने पाक एजेंट से दोस्ती** कर भारत की संवेदनशील जानकारी

साझा की। यह संपर्क **नवंबर 2021 से मई 2023** तक चला।

अब उसे **पुलिस कस्टडी** में भेजा गया है और उसके खिलाफ **गोपनीयता अधिनियम और BNS की धाराओं** के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ATS की कार्रवाई से बढ़ी सतर्कता

**ATS** की इन कार्रवाइयों से स्पष्ट है कि राज्य में **आतंकी गतिविधियों** को लेकर एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं। **सिमी और ISIS** जैसे संगठनों से जुड़ाव रखने वाले तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.